देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 149 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**नाम में क्या रखा है



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 12 सितंबर 2021



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0° | 40243.39

2 दोस्त की मौत पर फूटा पुतिन का दुख

7 हार्दिक पांड्या मेरे जैसे आलराउंडर नहीं है

# तीर्थ पुरोहितों के हक हकूक रहेंगे सुरक्षित

## सीएम की पहल पर गतिरोध खत्म, तीर्थ पुरोहित आश्वस्त

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में चारधाम तीर्थ पुरोहित हक–हकूकधारी महापंचायत समिति के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट वार्ता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के चारधाम देश–दुनियां के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं। सरकार का काम मंदिरों में अवस्थापना विकास को सुदृढ़ बनाना है। चारधाम यात्रा जल्द शुरू हो इसके लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम से जुड़े लोगों के हक–हकूक को किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं होने दिया जायेगा। कमेटी की रिपोर्ट के बाद सरकार को निर्णय लेना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हित में जो होगा, वह कार्य किया जायेगा।

चारधाम महापंचायत समिति द्वारा मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया गया है कि हमारा जो भी धरना प्रदर्शन एवं आन्दोलन है, हम इसे स्थगित करते हैं। 30 अक्टूबर 2021 तक हमें इसे स्थगित रखेंगे। सभी विषयों को गंभीरता से लेने वाले मुख्यमंत्री हमें मिले हैं, उसके लिए उनका धन्यवाद भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अरविंद पाण्डेय, गणेश जोशी, सचिव शैलेश बगोली, सीईओ देवस्थानम् बोर्ड रविनाथ रमन, सचिव एच.सी. सेमवाल, एसीईओ देवस्थानम् बोर्ड बी.डी. सिंह, चार धाम तीर्थ पुरोहितों एवं हक–हकूकधारी महापंचायत समिति के प्रतिनिधियों में कृष्णकांत कोटियाल(अध्यक्ष) चार धाम तीर्थ पुरोहित हक–हकूकधारी महापंचायत समिति, हरीश डिमरी(महामंत्री) चारधाम तीर्थ पुरोहित हक–हकूकधारी महापंचायत समिति, लक्ष्मी नारायण जुगडाण (कोषाध्यक्ष), सुरेश सेमवाल (सहसचिव), दुर्गा प्रसाद भट्ट (सदस्य) चन्द्रबदनी मंदिर, विनोद शुक्ला (उपाध्यक्ष), सुरेश उनियाल (मंत्री) यमुनोत्री मंदिर समिति, संजीव सेमवाल (पूर्व अध्यक्ष) गंगोत्री मंदिर समिति, आचार्य नरेशनान्द जी बह्मकपाल तीर्थ पुरोहित मिडिया प्रभारी, दीपक सेमवाल (सचिव) गंगोत्री मंदिर समिति, राजेश सेमवाल (सह सचिव) गंगोत्री मंदिर समिति, श्याम पंजपुरी (देवप्रयाग), कुबेरनाथ पोस्ती (देवप्रयाग), प्रशान्त भट्ट (नगर अध्यक्ष), पुरषोत्तम उनियाल (पंडा पुरोहित अध्यक्ष), राजस्वरूप उनियाल (उपाध्यक्ष) मंदिर समिति यमुनोत्री, अखिलेश कोटियाल (देवप्रयाग), राहुल कोटियाल (देवप्रयाग) उपस्थित थे।



### उच्च स्तरीय समिति में शामिल होंगे चारों धामों से दो–दो तीर्थ पुरोहित

मुख्यमंत्री पंष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम से जुड़े लोगों के हक–हकूक को किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। देवस्थानम बोर्ड के तहत बनाई गई उच्च स्तरीय समिति की ओर से चारधाम से जुड़े तीर्थ पुरोहित की बात सुनकर सरकार के समक्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। कमेटी में चारों धामों से दो–दो तीर्थ पुरोहितों को भी शामिल किया जाएगा। कमेटी की रिपोर्ट के बाद सरकार को निर्णय लेना है।

### उचित समाधान निकाला जायेगाः सेमवाल



गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं चारधाम महापंचायत समिति के संयोजक सुरेश सेमवाल ने कहा कि आज बड़ा सौभाग्य है कि ऊर्जावान मुख्यमंत्री ने हमें आज आमंत्रित किया था। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट यह बात कही कि जो हाई पॉवर कमेटी बनाई गई है, उसमें आपकी ओर से आठ लोगों को मेंबर बनाया जायेगा। जो रिपोर्ट होगी, उसके आधार पर आगे उचित समाधान निकाला जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में आए कोरोना के 33 हजार से अधिक नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामलों में उतार–चढ़ाव लगातार जारी है। देश में शुक्रवार को कोरोना के 33 हजार से अधिक नए मामले सामने आए। हालांकि, इसमें से 25 हजार केस अकेले केरल राज्य में सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 33,376 नए मामले सामने आए। इस दौरान देश भर में 308 मरीजों की कोरोना संक्रमण के कारण मौत हुई है।

### झमाझम बारिश, दिल्ली में सड़कों पर भरा पानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। जाते–जाते मानसून की बारिश देश के अनेकों हिस्सों को सराबोर कर देगी। मौसम विभाग के आकलन के अनुसार अगस्त में मानसून कमजोर पड़ गया था। राजधानी में हमेशा की तरह सड़कों पर पानी भरा नजर आ रहा है। दिल्ली में भारी बारिश के बाद सड़कों पर जलभराव के बीच बसें फंस गई हैं।

# दुनिया के देश जहां पिछड़ गए, वहीं भारत आगे बढ़ रहा

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में सरदारधाम भवन का किया उद्घाटन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद। सरदारधाम के लोकार्पण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कोरोना महामारी ने पूरी दुनिया को प्रभावित किया। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा, लेकिन इसके बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से रिकवर कर रही है। दुनिया के देश जहां पिछड़ गए, वहीं भारत आगे बढ़ रहा है। गुजरात के लोगों में एंटरप्रेन्योरशिप का जन्मजात गुण होता है। नेशनल एप्रेंटिशिप स्कीम से युवाओं का कौशल विकास बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। सरदारधाम युवाओं को ग्लोबल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के लिए भरपूर प्रयास करता है। गुजरात का हुनर प्रदेश व देश में ही नहीं कोई दुनिया में पहचाना जाने लगा है। गुजरात का युवा कहीं पर भी रहे देश हित उसकी प्राथमिकता होती है।

### पीएम मोदी ने 9/11 को लेकर कही बात

पीएम मोदी ने सरदार पटेल के बारडोली सत्याग्रह को याद किया। मोदी ने ज्ञान व कौशल का महत्व बताते हुए कहा इससे आजीविका के लिए चिंता नहीं करनी पड़ती है। पीएम मोदी ने कहा 9/11 है, एक ऐसी तारीख जिसे दुनिया के इतिहास में मानवता पर हमले के रूप में याद किया जाता है... लेकिन उसी तारीख ने हमें मानवीय मूल्यों के बारे में भी सिखाया।

पाटीदार समाज द्वारा विकसित काम्प्लेक्स ऐसे सभी छात्रों को उचित दर पर प्रशिक्षण और रहने की सुविधा प्रदान करेगा। यहां बेहतर नौकरी के इच्छ्छुक ग्रामीण क्षेत्रों के लड़कियों और लड़कों को छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाएगी। सरदारधाम शैक्षिक और सामाजिक परिवर्तन, समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है।

**मोदी ने गुजरात का विकास किया:** नितिन पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार धाम प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया 200 करोड़ की लागत से छात्र–छात्राओं के लिए एक छात्रावास का निर्माण किया गया। खासतौर पर छात्राओं के लिए 200 करोड़ का छात्रावास बनना है। समस्त देश व दुनिया में पाटीदार समाज अपने सकारात्मक कार्य तथा व्यापार वह मेधा के कारण चर्चा में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अहमदाबाद के सरदारधाम भवन का उद्घाटन किया।

# विजय रुपाणी ने दिया सीएम पद से इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदबाद। अगले साल होने जा रहे विधानसभा चुनावों से पहले गुजरात में बड़ा सियासी उलटफेर हुआ है। गुजरात के सीएम विजय रुपाणी ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका पांच साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। अगले साल नवंबर में गुजरात में चुनाव होने हैं।

विजय रुपाणी ने शनिवार को राज्यपाल आचार्य देवव्रत को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने कहा कि अब पार्टी जो जिम्मेदारी देगी मैं उसे निभाऊंगा। उन्होंने जनता की सेवा करने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद दिया। रुपााणी ने कहा कि मुझे कार्यकर्ता से सीएम बनाया। अब गुजरात का विकास नए नेतृत्व में हो।

इस्तीफा देने पर विजय रुपाणी ने कहा कि नेतृत्व बदलता रहता है यह बीजेपी की परंपरा है। लेकिन चर्चा है कि जनता विजय रुपाणी के नेतृत्व से खुश नहीं है। हाई कमान ने जनता की राय जानने के बाद यह फैसला लिया। इसी के मुताबिक विजय रुपाणी ने इस्तीफा दिया है। रूपाणी ने कहा कि गुजरात का आगामी विधानसभा चुनाव नए मुख्यमंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष यार पाटिल के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। सीआर पाटिल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं, लेकिन मूल रूप से मराठी है।

### उलटफेर

■बीजेपी के चार कद्दावर नेताओं के नाम पर जोरों पर चर्चा

अब राजनीतिक गलियारों में बीजेपी के उन चार कद्दावर नेताओं के नाम पर जोरों से चर्चा हो रही है, जिन्हें नया मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला, गुजरात के डेप्युटी सीएम नितिन पटेल और गुजरात बीजेपी अध्यक्ष सीआर पाटिल में से कोई एक नया सीएम बन सकता है।


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: Gadoli Media Ventures

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


# पूरे क्षेत्र की शांति और समृद्धि में हमारा समान हित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को नई दिल्ली में अफगानिस्तान में मौजूदा संकट, हिंद–प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय प्रारूपों में सहयोग पर चर्चा की। भारत ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के साथ नई दिल्ली में पहली बार 22 मंत्रिस्तरीय संवाद की मेजबानी की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों रक्षा मंत्री पीटर ड्यूटन और विदेश मंत्री मारिस पायने से मुलाकात की और तालिबान के अधिग्रहण से उत्पन्न अफगानिस्तान में संकट पर चर्चा की।

### भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ 22 मंत्रिस्तरीय संवाद की मेजबानी की

द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 22 संवाद भारत–ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के महत्व को दर्शाता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया एक महत्वपूर्ण साझेदारी साझा करते हैं जो स्वतंत्र, खुले, समावेशी और समृद्ध हिंद–प्रशांत क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दो लोकतंत्रों के रूप में पूरे क्षेत्र की शांति और समृद्धि में हमारा समान हित है।